Bihar Public Service Commission

BPSC

Bihar Public Service Commission

# डाउनलोड

# बिहार लोक सेवा आयोग

# (बीपीएससी) 48वीं–52वीं

# प्रारंभिक परीक्षा

# प्रश्न पत्र

Downloaded from: www.studymarathon.com

# 48-52वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-2008

## सामान्य अध्ययन

**1. बिहार में 'परमानेंट सेटलमेंट' लागू करने का कारण था-**
(A) जमींदारों का जमीन पर अधिकार न रहना
(B) जमींदारों के लिए जमीन पर वंश परंपरागत अधिकार को स्वेच्छा से हस्तांतरित करने का अधिकार
(C) भू-राजस्व का राजस्व निर्णय करना
(D) जमींदारी-प्रथा का निर्मूलन
उत्तर-(C)

**व्याख्या**-कार्नवालिस ने 1793 में बंगाल, बिहार, उड़ीसा, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा द. भारत के उत्तरी सरकार में स्थायी बंदोबस्त लागू किया, जिसका उद्देश्य था लगान व्यवस्था में स्थायित्व लाना। इसके तहत सरकार ने अपना तथा जमींदारों के राजस्व का हिस्सा तय कर दिया।

**2. अखिल भारतीय किसान महासभा सर्वप्रथम कहाँ आयोजित की गयी ?**
(A) कलकत्ता (B) मद्रास
(C) लखनऊ (D) पटना
उत्तर-(C)

**व्याख्या**-अखिल भारतीय किसान महासभा का गठन 11 अप्रैल, 1936 को लखनऊ में हुआ। इस सभा का उद्देश्य था—किसानों की आर्थिक शोषण से रक्षा करना।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल, एस.चंद एंड कंपनी, 2010, पृष्ठ सं॰-354

**3. भारत ट्रेड यूनियन कांग्रेस के पहले अध्यक्ष कौन थे ?**
(A) बी. टी. रनदेव (B) सत्य भक्त
(C) लाला लाजपत राय (D) एन. एम. जोशी
उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारत ट्रेड यूनियन कांग्रेस (AITUC) का गठन 31 अक्टूबर, 1920 को हुआ। लाजपत राय इसके अध्यक्ष बनाए गए।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-347

**4. 1921 का मोपला विद्रोह कहाँ हुआ था ?**
(A) कश्मीर (B) बी. एन. डब्लू. एफ. पी
(C) केरल (D) असम
उत्तर-(C)

**व्याख्या**-द. मालाबार (केरल) के मुस्लिम पट्टेदारों (कनामदार) तथा खेतीहरों (वेरूम पट्टभदार) को मोपला कहते थे। इन्होंने हिन्दू जमींदारों के विरुद्ध 1921 में विद्रोह किया।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-353

**5. बिरसा मुण्डा का कार्य क्षेत्र कौन-सा था ?**
(A) चम्पारन (B) राँची
(C) बलिया (D) अलीपुर
उत्तर-(B)

**व्याख्या**-बिरसा मुंडा ने छोटानागपुर क्षेत्र (तमाड़, खूँटी, राँची, चालकंद आदि) में मुंडा आंदोलन का नेतृत्व किया (1895-1900 ई0)। जनवरी, 1900 में कैप्टन रोच ने सरवदा में तथा स्ट्रीट फील्ड ने सैलरकाब पहाड़ी के पास मुंडा विद्रोहियों को परास्त किया। 3 मार्च, को बिरसा मुंडा गिरफ्तार कर लिए गए। 9 जून, 1900 को जेल में हैजा से बिरसा का निधन।
**स्रोत**-बिहार इतिहास एवं संस्कृति, प्रमोदानंद दास, कुमार अमरेंद्र, लूसेंट पब्लिकेशन, 2008, पृष्ठ सं॰-203-05

**6. 1857 ई. का विद्रोह लखनऊ में किसके नेतृत्व में आगे बढ़ा ?**
(A) बेगम ऑफ अवध (B) तात्यां टोपे
(C) रानी लक्ष्मीबाई (D) नाना साहब
उत्तर-(A)

**व्याख्या**-1857 के विद्रोह के दौरान लखनऊ में विद्रोह का नेतृत्व अवध की बेगम हजरत महल ने किया। उसने अपने छोटे बेटे बिरजिस कादर को अवध का नवाब घोषित कर दिया।
**स्रोत**-आधुनिक भारत/NCERT/बिपिन चंद्र/1986/पृष्ठ सं॰-117

**7. भारत में नारी-आंदोलन इनकी प्रेरणा से प्रारंभ हुआ-**
(A) पद्माबाई रानाडे (B) ऐनी बेसेंट
(C) सरोजनी नायडू (D) ज्योतिबा फूले
उत्तर-(D)

**व्याख्या**-ज्योतिबा फूले ने 1873 में समाज के कमजोर वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से 'सत्य शोधक समाज' की स्थापना की। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के अनाथों तथा स्त्रियों के लिए अनेक पाठशालाएँ तथा अनाथालय खोले।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल.ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल, एसचंद एंड कंपनी, 2010, पृष्ठ सं॰-287

**8. बिहार सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक थे-**
(A) जयप्रकाश नारायण (B) सत्य भक्त
(C) एम. एन. राय (D) सुभाष चन्द्र बोस
उत्तर-(A)

**व्याख्या**-जुलाई, 1931 में जयप्रकाश नारायण, फूलन प्रसाद वर्मा तथा अन्य लोगों ने बिहार समाजवादी दल की स्थापना की।
**स्रोत-स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल.ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एसचंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-343

**9. ट्रेड यूनियन आन्दोलन के क्रान्तिकारी-चरण का समय था-**
(A) 1939-45 (B) 1926-39
(C) 1918-26 (D) 1914-18
उत्तर-(B)

Downloaded from: www.studymarathon.com

**व्याख्या**-AITUC की स्थापना 1920 में की गई। 1926-27 से इनमें 'क्रांतिकारी' गुट, जिन्हें जेनेवा एमस्टर्डम धुरी तथा मास्को गुट भी कहते थे, की प्रधानता हो गई। फलतः 1928 में देश में अभूतपूर्व औद्योगिक अशांति रही। 1929-1933 के बीच मेरठ षड्यंत्र केस में 33 श्रमिक नेताओं पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल.ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-347-48

**10. भारत में प्रथम रेलवे लाइन किस ब्रिटिश गवर्नर के समय बिछाई गई थी ?**

(A) लार्ड डलहौजी (B) लार्ड कर्जन

(C) लार्ड वेलेजली (D) लार्ड लिटन **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-लार्ड डलहौजी (1848-56) के समय भारत में प्रथम रेलवे लाइन 1853 में बंबई से थाना तक बिछाई गई।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल.ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-155

**11. मध्य काल में बंटाई शब्द का अर्थ था-**

(A) धार्मिक कर

(B) लगान निर्धारण का तरीका।

(C) धन कर (D) सम्पत्ति कर

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-बटाई का अर्थ खेत जोतने वाले तथा भूस्वामी अर्थात सरकार के बीच उपज का बँटवारा। निर्धारित राजस्व का भुगतान नकद या अनाज के रूप में किया जाता था।

**स्रोत**-मध्यकालीन भारत, भाग-2/हरीश्चंद्र वर्मा/हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/1998/पृष्ठ सं॰-767

**12. अन्तिम मौर्य सम्राट था-**

(A) जालौक (B) अवन्ति वर्मा

(C) नन्दी वर्धन (D) वृहद्रथ **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-वृहद्रथ अंतिम मौर्य सम्राट था, जिसे उसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने 184 ईसापूर्व के लगभग सेना का निरीक्षण करते समय मार डाला।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-250

**13. अशोक के ब्राह्मी अभिलेखों को सर्वप्रथम किसने पढ़ा था?**

(A) प्रिन्सेप (B) एच. डी. संकालिया

(C) एस. आर. गोयल (D) बी. एन. मिश्रा

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-अशोक के अभिलेखों को सर्वप्रथम 1837 में जेम्स प्रिंसेप ने पढ़ा।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-240

**14. सैण्ड्रोकोटस से चन्द्रगुप्त मौर्य की पहचान किसने की ?**

(A) विलियम जोन्स (B) वी. स्मिथ

(C) आर. के. मुखर्जी (D) डी. आर. भण्डारकर

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-यूनानी स्रोतों में चंद्रगुप्त मौर्य के लिए सैन्ड्रोकोटस तथा एंड्रोकेटस नाम का प्रयोग हुआ है। सर्वप्रथम विलियम जोन्स ने इन नामों का तादात्म्य चंद्रगुप्त के साथ स्थापित किया था।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-211

**15. कौटिल्य का अर्थशास्त्र कितने अधिकरणों में विभाजित है ?**

(A) 11 (B) 12

(C) 14 (D) 15 **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-अर्थशास्त्र, राजशासन पर कौटिल्य द्वारा लिखी गई प्रसिद्ध रचना है। इसमें 15 अधिकारण, 180 प्रकरण तथा 4000 श्लोक है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-221

**16. 'नव नालन्दा महाविहार' किसके लिये विख्यात है ?**

(A) ह्वेनसांग स्मारक (B) महावीर का जन्म-स्थान

(C) पालि अनुसंधान संस्थान

(D) संग्रहालय **उत्तर-(D)**

**17. विश्व का सबसे ऊँचा कहा जाने वाला 'विश्व शांति स्तूप' बिहार में कहाँ है ?**

(A) वैशाली (B) नालन्दा

(C) राजगीर (D) पटना

**उत्तर-(A)**

**18. बोधगया में 'बोधि वृक्ष' अपने वंश की इस पीढ़ी का है-**

(A) तृतीय (B) चतुर्थ

(C) पंचम (D) षष्ठम **उत्तर-(D)**

**19. विश्व का पहला गणतंत्र वैशाली में किसके द्वारा स्थापित किया गया ?**

(A) मौर्य (B) नन्द

(C) गुप्त (D) लिच्छवी **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-वज्जि एक गणसंघ था, जिसमें आठ गण शामिल थे- लिच्छवी, विदेह, ज्ञातृक, वज्जि, उग्र, भोज, कौरव और इक्ष्वाकु। इस संघ की राजधानी वैशाली थी। यह संघ विश्व का प्रथम गणराज्य था।

**स्रोत**-बिहार इतिहास एवं संस्कृति, प्रमोदानंद दास, कुमार अमरेन्द्र, लूसेंट पब्लिकेशन, 2008, पृष्ठ सं॰-8-9

**20. पाटलिपुत्र के संस्थापक कौन थे ?**

(A) उदयिन (B) अशोक

(C) बिम्बिसार (D) महापद्ममनन्द

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-हर्यंकवंशी शासक उदायिन/उदयभद्र (460-444 ईसा पूर्व) ने गंगा तथा सोन नदियों के संगम पर पाटलीपुत्र नगर बसाया तथा राजगृह से अपनी राजधानी पाटलीपुत्र स्थानांतरित की।

Downloaded from: www.studymarathon.com

स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-124

**21. इल्तुतमिश ने बिहार में अपना प्रथम सूबेदार किसे नियुक्त किया था ?**

(A) ऐवज को (B) नासिरूद्दीन महमूद को
(C) अलीमर्दान को (D) मलिक जानी को

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-बंगाल के सुल्तान हुसामुद्दीन एवाज ने बिहार को जीतकर बंगाल में मिला लिया था। फलत: 1225 ई. में इल्तुतमिशन ने बिहार के लिए कूच किया। एवाज ने बिना लड़े ही इल्तुतमिश का प्रभुत्व स्वीकार कर लिया। इल्तुतमिश ने मलिक जानी को बिहार का सूबेदार नियुक्त किया।

**स्रोत**-भारत का इतिहास (1000-1707) आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, 1991, पृष्ठ सं॰-55

**22. हुमायूँ ने चुनार दुर्ग पर प्रथम बार आक्रमण कब किया ?**

(A) 1532 ई॰ में (B) 1531 ई॰ में
(C) 1533 ई॰ में (D) 1536 ई॰ में

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-अफगान महमूद लोदी को दौहरिया के युद्ध (अगस्त, 1532) में हराने के बाद हुमायूँ ने शोरखाँ के आधिपत्य वाले चुनार दुर्ग पर हमला किया (सितंबर, 1532)। अंतत: शेरशाह ने आत्मसमर्पण कर दिया।

**स्रोत**-भारत का इतिहास (1000-1707) आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, 1991, पृष्ठ सं॰-339

**23. अकबर ने बंगाल तथा बिहार को मुगल साम्राज्य में मिलाया-**

(A) 1950 ई॰ में (B) 1575 ई॰ में
(C) 1576 ई॰ में (D) 1572 ई॰ में

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-बंगाल तथा बिहार के शासक दाउद के ऊपर अकबर ने 1574 में चढ़ाई कर बिहार को अपने साम्राज्य में मिला लिया। बंगाल अभियान का नेतृतव मुनीम खाँ ने किया जिसने मार्च, 1575 को दाउद को हराकर बंगाल को जीत लिया। 1576 में दाउद को अंतिम रूप से हराकर बंगाल को मुगल साम्राज्य में मिला लिया गया।

**स्रोत**-भारत का इतिहास (1000-1707) आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, 1991, पृष्ठ सं॰-447-48

**24. ऐत्मादुद्दौला का मकबरा आगरा में किसने बनवाया था ?**

(A) अकबर (B) जहांगीर
(C) नूरजहाँ (D) शाहजहाँ उत्तर-(C)

**व्याख्या**-नूरजहाँ ने 1626 ई. में आगरा में अपने पिता एतमादुद्दौला का मकबरा बनवाया। पूर्ण संगमरमर से बनी मुगलकाल की यह पहली इमारत है। सर्वप्रथम इसी में पित्राड्यूरा तकनीक का प्रयोग हुआ था।

**स्रोत**-मध्यकालीन भारतीय संस्कृति/आशीर्वादीलाल श्री वास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/पृष्ठ सं॰-165, 167

**25. महारानी विक्टोरिया ने भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश ताज के नियन्त्रण में लेने की घोषणा कब की थी ?**

(A) 1 नवम्बर, 1858 को (B) 31 दिसम्बर, 1857 को
(C) 6 जनवरी, 1958 को (D) 17 नवम्बर, 1859 को

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-1857 के विद्रोह के बाद भारत की सत्ता को ब्रिटिश क्राउन के अधीन लाने की घोषणा लॉर्ड केनिंग ने की। यह घोषणा 01 निवंबर, 1858 को ब्रिटेन की रानी के नाम पर किया गया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत, प्रशांत दत्त, नेशनल पब्लिकेशन, 1999, पृष्ठ सं॰-125

**26. मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी प्रदान की-**

(A) 12 अगस्त, 1765 (B) 18 अगस्त, 1765
(C) 29 अगस्त, 1765 (D) 21 अगस्त, 1765

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-बक्सर युद्ध के बाद क्लाइव ने 12 अगस्त, 1765 को शाहआलम से इलाहाबाद की दूसरी संधि की। मुगल सम्राट ने इस संधि के द्वारा बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी कंपनी को सौंप दी।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-61

**27. जगदीशपुर के किस व्यक्ति ने 1857 ई. के विप्लव में क्रान्तिकारियों का नेतृत्व किया ?**

(A) कुँवर सिंह (B) चन्द्रशेखर सिंह
(C) तीरत सिंह (D) राम सिंह उत्तर-(A)

**28. 1857 की क्रान्ति के बिहार के नेता थे-**

(A) मौलवी अहमदुलाह (B) तात्यां टोपे
(C) नाना साहिब (D) कुँवर सिंह उत्तर-(D)

**29. पुस्तक ''नाइनटीन एट्टी फोर'' किसके द्वारा लिखी गयी है ?**

(A) आर. के. नारायण (B) खुशवंत सिंह
(C) जार्ज. ओरवेल (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(C)

**30. 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार ने सिपाहियों का इन प्रान्तों से चयन किया-**

(A) उत्तर प्रदेश एवं बिहार से ब्राह्मण
(B) पूर्व से बंगाली एवं उड़िया
(C) गोरखा, सिख एवं पंजाबी उत्तर प्रान्त से
(D) मद्रास प्रेसिडेंसी से मराठा उत्तर-(C)



Downloaded from: www.studymarathon.com

**व्याख्या**-1857 के विद्रोह में उत्तर प्रदेश, बंगाल तथा बिहार के सैनिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। फलतः सेना का पुनर्गठन 'विभाजन तथा प्रतितोलन' की नीति पर किया गया। सेना में सिक्ख, गोरखा, पठान आदि, जिन्होंने विद्रोह के दमन में बड़ी भूमिका निभाई थी, को प्रमुख स्थान दिया जाने लगा।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/अखिल मूर्ति/मूर्ति पब्लिकेशन/2011/पृष्ठ सं॰-162

**31. बलदेव सहाय ने महाधिवक्ता के पद से त्यागपत्र कब दिया ?**

(A) 1942 में (B) 1943 में

(C) 1913 में (D) 1911 में **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के प्रारंभ होते ही राजेन्द्र प्रसाद, श्रीकृष्ण सिंह, जयप्रकाश नारायण आदि की गिरफ्तारी हुई। सरकारी नीति के विरोध में बलदेव सहाय ने महाधिवक्ता पद से त्यागपत्र दे दिया।

**स्रोत**-सृजन बिहार विशेष/P.T. विशेषांक/पृष्ठ सं॰-26

**32. लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन रद्द किस वर्ष किया ?**

(A) 1911 (B) 1904

(C) 1906 (D) 1907 **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-लॉर्ड कर्जन ने 16 अक्टूबर, 1905 को बंगाल का विभाजन कर दिया, फलतः बंग-भंग विरोधी आंदोलन फूट पड़ा। लॉर्ड हार्डिंग के समय 1911 में बंगाल विभाजन रद्द कर दिया गया।

**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम, विपिन चंद्र, अमलेश त्रिपाठी, बरूणदे, नेशनल बुक ट्रस्ट, 1998, पृष्ठ सं॰-66,76

**33. शिक्षा में सुधार हेतु ब्रिटिश सरकार ने सैडलर विश्वविद्यालय आयोग कब नियुक्त किया ?**

(A) 1919 में (B) 1917 में

(C) 1921 में (D) 1986 में **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-कंपनी सरकार ने 1917 में कलकत्ता वि.वि. की संभावनाओं के अध्ययन हेतु लीड्स वि.वि. के कुलपति एम. ई. सैडलर के नेतृत्व में एक आयोग का गठन किया। इस आयोग में दो भारतीय भी सदस्य थे—सर आशुतोष मुखर्जी तथा जियाउद्दीन अहमद।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल, एस. चंद एंड कंपनी, 2010, पृष्ठ सं॰-259

**34. राष्ट्रीय कांग्रेस से पूर्व सबसे प्रमुख संस्था थी-**

(A) बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसाइटी

(B) ईस्ट इंडिया एसोसिएशन

(C) यंग बंगाल एसोसिएशन

(D) इंडियन एसोसिएशन ऑफ कलकत्ता **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-इंडियन एशोसियन ऑफ कलकत्ता तथा इसके नेता सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने इंडियन नेशनल कांफ्रेंस को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1883 तथा 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस बुलाई गई। शीघ्र ही यह संस्था 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' द्वारा प्रच्छन्न कर दी गई।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-299

**35. फारवर्ड ब्लॉक के संस्थापक थे-**

(A) जयप्रकाश नारायण (B) सी. आर डे

(C) मोतीलाल नेहरू (D) सुभाषचन्द्र बोस

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-सुभाषचंद्र बोस जनवरी, 1939 में दुबारा कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। किंतु गांधीजी के विरोध के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया तथा राजेन्द्र प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया। सुभाष जी ने कांग्रेस के भीतर ही फॉर्वर्ड ब्लॉक नामक दल की स्थापना की।

**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-355,358

**36. महात्मा गाँधी ने खिलाफत आन्दोलन का समर्थन क्यों किया ?**

(A) खलीफा ने क्रान्तिकारियों को शरण दी थी

(B) गाँधीजी ने अंग्रेजों के खिलाफ अपने आन्दोलन में भारतीय मुसलमानों का सहयोग प्राप्त करना चाहा था।

(C) खलीफा ने भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन का समर्थन किया

(D) खलीफा गाँधीजी के अच्छे मित्र थे। **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-गांधीजी ने खिलाफत आंदोलन को ''हिदुओं तथा मुसलमानों को एक सूत्रबद्ध करने के ऐसे अवसर के रूप में देखा, जो सौ वर्षों में भी नहीं आएगा।''

**स्रोत**-आधुनिक भारत/बिपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ सं॰-218

**37. कांग्रेस के नरम-दल के नेताओं की आन्दोलन की पद्धति थी-**

(A) असहयोग (B) राजवांमध्य आंदोलन

(C) अनुकूल प्रविघटन (D) अविधेयक **उत्तर-(B)**

**38. जलियांवाला बाग में प्रदर्शन के लिए क्यों लोग ज़मा हुए थे ?**

(A) गाँधी जी और लाजपतराय की गिरफ्तारी के प्रति विरोध प्रदर्शन करने।

(B) किचलू तथा सत्यपाल के बंदी बनाने के विरोध में प्रदर्शन करने।

(C) वैशाखी की प्रार्थना के लिए।

(D) पंजाब सरकार के अमानवीय कार्यकलापों के प्रति विरोध प्रकट करने।

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-रॉलेट एक्ट के विरोध में गांधीजी ने 6 अप्रैल, 1919 को एक जोरदार हड़ताल का आह्वान किया। इस क्रम में डॉ. सैफुद्दीन किचलू तथा डॉ. सत्यपाल की



Downloaded from: www.studymarathon.com

गिरफ्तारी हुई। इनकी गिरफ्तारी के विरोध हेतु 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर के जालियाँ वाला बाग में भारी भीड़ जमा हुई थी।

स्रोत-आधुनिक भारत/विपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ सं॰-215

**39. राजनैतिक सुधारों को लेकर विरोध करने वाले पहले भारतीय कौन थे ?**

(A) दादाभाई नौरोजी (B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(C) राजा राममोहन राय (D) बाल गंगाधर तिलक

उत्तर-(D)

व्याख्या-तिलक पहले नेता थे, जिन्होंने राजनैतिक सुधारों पर बल दिया। उन्हें राजनीति में उग्रवादी, परंतु सामाजिक सुधारों में नरमदलीय माना जाता है। वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वराज्य की मांग स्पष्ट रूप से की।

**40. भारत छोड़ो आन्दोलन कब प्रारंभ हुआ ?**

(A) 9 अगस्त, 1942 को (B) 10 अगस्त, 1942 को
(C) 15 अगस्त, 1942 को (D) 16 अगस्त, 1942 को

उत्तर-(A)

**41. गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन कब प्रारंभ किया ?**

(A) 1920 में (B) 1919 में
(C) 1921 में (D) 1922 में उत्तर-(A)

व्याख्या-9 जून, 1920 को इलाहाबाद में खिलाफत कमिटी ने गांधीजी के असहयोग आंदोलन शुरू करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। 1 अगस्त, 1920 से आंदोलन शुरू हो गया। आंदोलन को सितंबर में कलकत्ता में कांग्रेस के विशेष अधिवेशन में मंजूरी दे दी गई।

स्रोत-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2010/पृष्ठ सं॰-135

**42. रॉलेट ऐक्ट कब पास हुआ था ?**

(A) 1919 में (B) 1920 में
(C) 1921 में (D) 1922 में

उत्तर-(A)

व्याख्या-रॉलेट एक्ट को 6 फरवरी-18 मार्च, 1919 को भारतीयों के प्रबल विरोध के बावजूद इंपीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में पारित कर दिया गया। इसके तहत भारतीयों को बिना मुकदमा चलाए दो वर्षों तक बंदी रखा जा सकता था।

स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-221

**43. गाँधीजी ने भारत में पहली बार सत्याग्रह आन्दोलन बिहार में कहाँ प्रारम्भ किया ?**

(A) पटना (B) गया
(C) मधुबनी (D) चम्पारण उत्तर-(D)

**44. मुजफ्फरपुर में किंग्स फोर्ड की हत्या का प्रयास कब किया गया ?**

(A) 1908 में. (B) 1909 में
(C) 1907 में (D) 1911 में उत्तर-(A)

व्याख्या-मुजफ्फरपुर के क्रूर जज किंग्सफोर्ड को मरने के लिए खुदीराम बोस तथा प्रफुल्ल चाकी ने 30 अप्रैल, 1908 को इसकी गाड़ी पर बम फेंका। किंतु, वह उस गाड़ी में नहीं था इसीलिए बच गया। दोनों क्रांतिकारियों को फाँसी की सजा दी गई।

स्रोत-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं॰-145

**45. प्रभावती देवी किस क्षेत्र की स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थी ?**

(A) चम्पारण (B) पटना
(C) भागलपुर (D) शाहाबाद उत्तर-(B)

**46. 1942 के आन्दोलन में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को किस जेल में कैद रखा गया था ?**

(A) बाँकीपुर जेल (B) हजारीबाग जेल
(C) कैम्प जेल (D) भागलपुर जेल

उत्तर-(A)

व्याख्या-8 अगस्त, 1942 को कांग्रेस ने भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया। 9 अगस्त को कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेता कैद कर लिए गए। इसी दिन राजेंद्र प्रसाद की गिरफ्तारी हुई और उन्हें बाँकीपुर जेल भेज दिया गया।

स्रोत-सृजन, बिहार-इतिहास तथा संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/पृष्ठ सं॰-42

**47. चम्पारण नील आन्दोलन के राष्ट्रीय नेता कौन थे ?**

(A) महात्मा गाँधी (B) बिरसा मुण्डा
(C) बाबा रामचन्द्र (D) रामसिंह उत्तर-(A)

**48. जय प्रकाश नारायण इस पार्टी से जुड़े थे-**

(A) कांग्रेस पार्टी (B) कम्यूनिस्ट पार्टी
(C) सोशलिस्ट पार्टी (D) किसान सभा

उत्तर-(C)

व्याख्या-1931 में जयप्रकाश जी ने बिहार समाजवादी दल की नींव रखी। अक्टूबर, 1934 में उनके सहयोग से अखिल भारतीय कांग्रेस समाजवादी दल की स्थापना हुई।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-343

**49. राँची शहर स्थित है-**

(A) बिहार में (B) मध्य प्रदेश में
(C) उड़ीसा में (D) झारखण्ड में

उत्तर-(D)

व्याख्या-झारखण्ड 15 नवम्बर, 2000 भारत संघ के 28वें राज्य के रूप में बिहार से अलग होकर अस्तित्व में आया। इसकी राजधानी राँची को बनाया गया।

स्रोत-भारत, 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-1036

**50. भारत की वाणिज्यिक ऊर्जा की.....प्रतिशत पूर्ति कोयले से होती है।**

(A) 76 (B) 56
(C) 67 (D) 52 उत्तर-(C)



Downloaded from: www.studymarathon.com

**व्याख्या**-ऊर्जा स्रोत के अन्तर्गत प्रमुख रूप से कोयला, पन-बिजली तथा पेट्रोलियम आते हैं। ऊर्जा की खपत में कोयले की भागीदारी 67% है।
**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक भारतीय अर्थव्यवस्था, पृष्ठ सं॰-72

**51. भारत का 40% सड़क परिवहन होता है-**
(A) राष्ट्रीय राजमार्ग से (B) राजकीय मार्ग से
(C) जिला मार्ग से (D) ग्रामीण सड़कों से

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-वर्तमान समय में देश में कुल 77 राष्ट्रीय मार्ग हैं, जिसकी देखभाल केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है। इनकी लंबाई 70,934 कि. मी. है, जो सड़कों की कुल लंबाई का मात्र 1.7% है, लेकिन यातायात का 40% परिवहन इन्हीं से होता है।
**स्रोत**-भारत-2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-884

**52. भारत की सिंचाई क्षमता का 47.78% पूरा होता है-**
(A) वृहद परियोजनाओं से
(B) लघु एवं वृहद परियोजना से
(C) लघु परियोजना से
(D) मध्यम परियोजनाओं से ।

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-भारत में सिंचाई परियोजना को 1978-79 में तीन वर्गों में विभाजित किया गया।
**(क) बड़ी सिंचाई परियोजना**-इसके अन्तर्गत वे शामिल होते हैं जिनकी क्षमता 10,000 हेक्टेयर से अधिक तक सिंचित करने की है।
**(ख) मध्यम सिंचाई परियोजना**-जिसकी क्षमता 2,000 से 10,000 हेक्टेयर के बीच है।
**(ग) छोटी सिंचाई परियोजना**-जिसकी क्षमता 2000 हेक्टेयर तक है। छोटी सिंचाई परियोजनओं द्वारा कुल सिंचित क्षेत्र के लगभग 59% को पानी उपलब्ध कराया जाता है।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-567

**53. भारत की सर्वाधिक वर्षा मुख्यतः प्राप्त होती है-**
(A) उत्तर-पूर्वी मानसून से
(B) वापस होती मानसून से
(C) दक्षिण-पूर्वी मानसून से
(D) संवहनिक वर्षा

**उत्तर-चारों विकल्प गलत है।**

**व्याख्या**-भारत के उत्तर-पश्चिम भाग में मई में तापमान तेजी से बढ़ जाता है। जिसके परिणामस्वरूप वायुदाब घटने लगता है और शीत ऋतु के उच्च वायुदाब का स्थान अत्यंत निम्न वायु दाब ले लेता है। यह पश्चिम राजस्थान से लेकर पश्चिम बंगाल तक विस्तृत होता है। निम्न वायु दाब क्षेत्र की ओर बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से वायु तेजी से आती है। भारतीय उपमहाद्वीप पर आने वाली इस वायु को दक्षिणी पश्चिमी मानसून कहते हैं। यानी बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर दोनों से ही मानसून भारत में प्रवेश कर जाती। इस प्रकार ग्रीष्म काल में दक्षिण पश्चिम मानसून के द्वारा भारत में सबसे अधिक वर्षा होती है।
**स्रोत**-NCERT, भारत-भौतिक पर्यावरण (भूगोल) कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-49, 50

**54. रेलवे के जोन मुख्यालय हाजीपुर स्थित है-**
(A) छत्तीसगढ़ में (B) उत्तर प्रदेश में
(C) झारखण्ड में (D) बिहार में

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-वर्तमान समय में रेलवे के 17 जोन (क्षेत्र) और मुख्यालय है। नवीनतम जोन 'कोलकता मेट्रो रेल' क्षेत्र को बनाया गया है। हाजीपुर बिहार में स्थित पूर्व सेन्ट्रल रेलवे का मुख्यालय है।
**स्रोत**-भारत 2013, भारत सरकार प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-882

**55. भारत में 1991-2001 में साक्षरता की वृद्धि दर है-**
(A) 10.8 प्रतिशत (B) 12.6 प्रतिशत
(C) 14.3 प्रतिशत (D) 15.5 प्रतिशत

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-जनगणना 2001 में भारत की साक्षरता की वृद्धि दर 12.6 प्रतिशत (1991-2001) दर्ज की गई।
**स्रोत**-जनगणना 2011 रिपोर्ट, प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक एवं भारतीय अर्थव्यवस्था, 2013, पृष्ठ सं॰-95

**56. क्षेत्रफल के क्रम में भारत के तीन बड़े राज्य हैं-**
(A) राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र
(B) मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र
(C) महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश
(D) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। इसके बाद मध्य प्रदेश, तीसरा स्थान महाराष्ट्र, चौथा आंध्र प्रदेश का है।
**स्रोत**-भारत, 2013, प्रकाशन विभाग।

**57. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या का घनत्व प्रति वर्ग किमी. है।**
(A) 304 (B) 324
(C) 344 (D) 364

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-प्रति वर्ग किमी. क्षेत्र में लोगों की संख्या को जनघनत्व कहते है। जनगणना 2001 के अनुसार देश का जनघनत्व 324 था। जनगणना 2011 के अनुसार जनघनत्व 382 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी. है।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक 2013, पृष्ठ सं॰-97

Downloaded from: www.studymarathon.com

**58. भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?**

(A) 1,02,70,15,247 (B) 1,02,71,01,012

(C) 10,12,52,751 (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-जनगणना 2001 के अनुसार भारत की जनसंख्या 1,02,87,37,436 थी, जनगणना 2011 में बढ़कर 1,21,01,93,422 है।

**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं०-8 एवं प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक-भारतीय अर्थव्यवस्था, 2013, पृष्ठ सं०-97

**59. भील जाति कहाँ पायी जाती है-**

(A) असोम

(B) झारखण्ड

(C) पश्चिम बंगाल

(D) महाराष्ट्र

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-भील जनजाति सबसे अधिक राजस्थान में पायी जाती है। इसके बाद अन्य राज्यों, जैसे-महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों में पायी जाती है।

**स्रोत**-इण्टर भूगोल, भाग-II, सुरेश प्रसाद

**60. दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा दिन होता है।**

(A) 22 जून (B) 22 दिसम्बर

(C) 21 मार्च (D) 22 सितम्बर

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-पृथ्वी अपने अक्ष पर भ्रमण करती है, साथ ही सूर्य के चक्कर भी लगाती है। 21 जून को उत्तरी ध्रुव सूर्य की ओर सबसे अधिक झुका रहता है और 22 दिसम्बर को दक्षिणी ध्रुव सूर्य की ओर सबसे अधिक झुका रहता है। अत: 21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध में दिन बड़े तथा 22 दिसम्बर को दक्षिण गोलार्द्ध में दिन बड़े होते हैं। मार्च और सितम्बर में पृथ्वी के सभी भागों में दिन-रात बराबर होता है। विषुवत रेखा पर दिन-रात वर्ष भर एक समान होता है मौसम भी एक जैसा होता है।

**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल, एटलस, पृष्ठ सं०-10

**61. ग्रेट बैरियर रीफ..... के समीप स्थित है।**

(A) दक्षिण अमेरिका (B) यूरोप

(C) आस्ट्रेलिया (D) अफ्रीका

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-यह आस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास स्थित सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति है जिसे ग्रेट बैरियर रीफ कहा जाता है। यह प्रशांत महासागर में अवस्थित है।

**स्रोत**-The ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं०-48

**62. 'दक्षिण गंगोत्री' स्थित है-**

(A) उत्तराखंड में

(B) आर्कटिक में

(C) हिमालय में

(D) अण्टार्कटिका में

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-भारत ने सन् 1981-82 ई० में प्रथम बार अण्टार्कटिका पर अपना खोज अभियान भेजा। यह वहाँ क्वीन मॉड लैण्ड पर रुका । इस महाद्वीप पर एक प्रयोगशाला स्थापित की जिसका नाम 'दक्षिण गंगोत्री' (इंदिरा शिखर) (1983) रखा। एक और स्टेशन 'मैत्री' (1981) भी स्थापित किया गया। इसे विज्ञान के लिए समर्पित महाद्वीप भी कहा गया है।

**स्रोत**-नवीन स्कूल राष्ट्रीय एटलस, पृष्ठ सं०-162

**63. यूरोप की एक पर्वत शृंखला है-**

(A) आल्पस (B) हिमालय

(C) एण्डीज (D) रॉकी

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-आल्पस पर्वत मध्य यूरोप में है। इसकी अन्य श्रेणी दक्षिण में इटली का एपिनाइन पर्वत, पश्चिम की ओर पिरेनीज पर्वत जो फ्रांस व स्पेन की सीमा बनाता है। पूर्व की ओर कार्पेथियन, उत्तर-पूर्व की ओर जूरा पर्वत नाम की एक छोटी सी श्रेणी है। आल्पस पर्वत श्रेणी का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर माउंट ब्लॉन्क (फ्रांस), लेकिन, यूरोप की सबसे ऊँची चोटी एलब्रुस (रूस) है, जो काकेशस पर्वत श्रेणी में स्थित है।

**स्रोत**-नवीन स्कूल राष्ट्रीय एटलस पृष्ठ सं०-154

**64. सुमेलित कीजिए-**

(A) अत्यधिक गर्म 1. चिली

(B) अत्यधिक ठण्डा 2. चेरापूँजी

(C) अत्यधिक वर्षा 3. अंटार्कटिका

(D) अत्यधिक सूखा 4. सहारा

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-सही सुमेलन इस प्रकार है-

A. अत्यधिक गरम - सहारा

B. अत्यधिक ठण्डा - अण्टार्कटिका

C. अत्यधिक वर्षा - चेरापूँजी

D. अत्यधिक सूखा - चिली

**स्रोत**-नवीन स्कूल राष्ट्रीय एटलस, NCERT कक्षा-IX भौतिक भूगोल के मूल सिद्धांत।

**65. भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं उससे संबंधित प्रक्षेत्र का अंश है-**

(A) 22 प्रतिशत (B) 80 प्रतिशत

(C) 33 प्रतिशत (D) 15 प्रतिशत

उत्तर-(A)



Downloaded from: www.studymarathon.com

**व्याख्या**-भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। यह देश का रोजगार देने वाला सबसे बड़ा क्षेत्र है। GDP में कृषि एवं उससे संबंधित क्षेत्रों का योगदान लगभग 22% है, जिसमें अकेला कृषि 14.4% है।
**स्रोत**-आर्थिक समीक्षा, 2012-2013

**66. भारतीय विकास फोरम** (IDF) पहले जाना जाता था-
(A) भारत सहायता क्लब
(B) भारत सहायता बैंक
(C) विश्व बैंक
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-1990 के दशक से भारत सहायता क्लब को भारतीय विकास फोरस के नाम से जाना जाने लगा। विश्व बैंक ने भारत को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से 1958 में स्थापित गया था। जून 1994 में इसका नाम भारत विकास मंच कर दिया गया है।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था-मिश्रा एवं पुरी।

**67. यह सत्य होगा कि भारत को परिभाषित किया जाए-**
(A) यह खाद्य की कमी वाली अर्थव्यवस्था
(B) एक श्रम-अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था
(C) एक व्यापार-अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था
(D) एक पूँजी-अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषता- (1) निम्न प्रतिव्यक्ति आय (2) गरीबी का दुष्चक्र (3) कृषि पर अधिक जनसंख्या का दवाब (4) जनसंख्या की उच्च वृद्धि। 1 मार्च 2011 को भारत में जनसंख्या 121.02 करोड़ के आस-पास है जो विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5% है; वही भारत के पास विश्व की कुल भूमि का क्षेत्रफल केवल 2.42 प्रतिशत ही है। अत: स्पष्ट होता है कि साधनों के सापेक्ष जनसंख्या अधिक है।
**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक, भारतीय अर्थव्यवस्था, पृष्ठ सं॰-73

**68. संशोधित मूल्य-वर्द्धित कर का संबंध है-**
(A) बिक्री कर (B) धन कर
(C) आय कर (D) उत्पाद शुल्क

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-MODVAT का पूर्ण रूप है-Modified value Added Tax (संशोधित मूल्य वर्द्धित कर) यह VAT का ही संशोधित रूप है। VAT की संस्तुति लक्ष्मीकांत झा की अध्यक्षता में 1976 में गठित समिति ने प्रस्तुत की थी। MODVAT 1986-87 के बजट में प्रारंभ किया गया था। यह अप्रत्यक्ष कर पर लागू होता है। इसके अनुसार आगतों एवं मध्यवर्ती वस्तुओं पर कर समाप्त करके, उसे निर्मित अंतिम वस्तुओं पर लगाया जाता है।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था के अतिरिक्तांक प्रतियोगिता दर्पण, पृष्ठ सं॰-315

**69. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य है-**
(A) निर्धनता का उन्मूलन
(B) समाविष्ट आर्थिक वृद्धि
(C) सामाजिक न्याय के साथ विकास
(D) अल्पसंख्यकों का विकास

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-राष्ट्रीय विकास परिषद् ने 9 Dec. 2006 को 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) के प्रारूप को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। 11वीं योजना का विकास लक्ष्य 9% रखा, वहीं अन्तिम वर्ष में 10% तक हो जाएगा। इस योजना का उद्देश्य इन्क्लूसिव ग्रोथ यानी समाविष्ट आर्थिक विकास रखा गया।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-311-12

**70. इन्द्रधनुषीय क्रांति का संबंध है-**
(A) हरित क्रांति से (B) श्वेत क्रान्ति से
(C) नीली क्रान्ति से (D) इनमें सभी से

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-केन्द्र सरकार ने नई राष्ट्रीय कृषि नीति की घोषणा जुलाई 2000 में संसद में की थी। इस नीति में कृषि क्रान्ति को इन्द्रधनुषी क्रान्ति का नाम दिया गया, जिसमें सभी कृषि क्रान्तियों को शामिल किया गया।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था दत्त एवं सुन्दरम।

**71. एक रुपये के नोट पर हस्ताक्षर होता है-**
(A) वित्त मंत्रालय के सचिव का
(B) गवर्नर भारतीय रिर्जव बैंक का
(C) वित्तमंत्री का
(D) उपरोक्त में से किसी का नहीं

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-भारत में करेन्सी नोट छापने का एकाधिकार भारतीय रिजर्व बैंक को प्राप्त है, जो 2 रुपया से 1000 रुपये तक के नोट छाप सकता है। लेकिन, एक रुपये का नोट भारत सरकार द्वारा निर्गत किया जाता है। इस पर वित्त मंत्रालय के सचिव का हस्ताक्षर होता है। अन्य सभी नोटों पर RBI के गवर्नर का हस्ताक्षर होता है।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-882-887

**72. भारत में 'योजना अवकाश' की अवधि थी-**
(A) 1962-65
(B) 1966-69
(C) 1969-72
(D) 1972-75

**उत्तर-(B)**

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-भारत सरकार ने तीसरी पंचवर्षीय योजना की असफलता को देखते हुए फिर, 1966 में सूखा, मुद्रास्फीति आदि के कारण से 1966-69 के बीच तीन वार्षिक योजना लायी उसे ही "योजना अवकाश" की संज्ञा दी गयी।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-269

**73. राष्ट्रीय नियोजन में रोलिंग प्लान की अवधारणा लागू गयी थी-**
(A) इन्दिरा गाँधी के द्वारा
(B) राष्ट्रीय फ्रंट सरकार द्वारा
(C) जनता सरकार द्वारा
(D) राजीव गाँधी द्वारा

उत्तर-(C)

**74. विश्व बैंक के नवीनतम विकास प्रतिवेदन के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति है-**
(A) सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था
(B) सबसे छोटी अर्थव्यवस्था
(C) दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था
(D) पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था

उत्तर-(D)

स्रोत-विश्व बैंक वार्षिक रिपोर्ट-2007-08

**75. द्वितीय हरित क्रांति का संबंध होगा-**
(A) अधिक उपज देने वाले बीजों से
(B) गेहूँ के उत्पादन से
(C) चावल उत्पादन से
(D) जैव प्रौद्योगिकी के प्रयोग से

उत्तर-(D)

व्याख्या-शुष्क भूमि कृषि और सीमान्त किसानों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने के अलावे बीजों में सुधार के लिए विज्ञान व जैव प्रौद्योगिकी का प्रयोग, जड़ी एवं बूटी एवं अन्य पौधों का प्रयोग, साथ में पशुपालन में विज्ञान का प्रयोग ताकि पशुधन एवं मुर्गियों के उत्पादन में वृद्धि हो सके।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-563

**76. राजकोषीय घाटा है-**
(A) कुल व्यय-कुल प्राप्तियाँ
(B) राजस्व व्यय-राजस्व प्राप्तियाँ
(C) पूँजीगत व्यय-पूँजीगत प्राप्तियाँ-बाजार ऋण
(D) बजटीय घाटे का योग और सरकार का बाजार ऋण तथा दायित्व

उत्तर-(D)

व्याख्या-भारत के बजट में निम्न प्रकार के घाटा का प्रयोग होता है-
राजस्व घाटा = राजस्व प्राप्तियाँ - राजस्व व्यय
बजट घाटा = कुल प्राप्तियाँ - कुल व्यय
राजकोषीय घाटा = बजटीय घाटे का योग और सरकार का बाजार ऋण तथा दायित्व
प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा - ब्याज भुगतान।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-1018

**77. नन्दीग्राम में सेज (SEZ) नीति के अन्तर्गत किस समूह को अनुमति दी गई थी-**
(A) टाटा समूह (B) बिरला समूह
(C) सलीम समूह (D) विप्रो समूह

उत्तर-(C)

व्याख्या-नन्दी ग्राम में सलीम समूह को तथा सिंगुर में टाटा समूह को कारखाना स्थापना की अनुमति दी गई थी यह पं० बंगाल में अवस्थित है। सलीम समूह इण्डोनेशिया की कंपनी थी।
स्रोत-समसामायिकी प्रतियोगिता दर्पण।

**78. विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 50% से अधिक निर्धन इन चार राज्यों में निवास करते हैं-**
(A) बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा
(B) राजस्थान, उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश उड़ीसा
(C) बिहार, उत्तर प्रदेश, जम्मू-काश्मीर, उड़ीसा
(D) बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर

उत्तर-(A)

व्याख्या-विश्व बैंक का रिपोर्ट-2008 के अनुसार चारों राज्यों में 50% से अधिक गरीब निवास करते हैं।

**79. यदि भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा नकद कोष अनुपात (CRR) में कमी की जाती है, तो इसका साख-सृजन पर प्रभाव होगा-**
(A) वृद्धि (B) कमी
(C) कोई प्रभाव नहीं (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत में साख नियंत्रण का कार्य RBI द्वारा किया जाता है। इसे दो भागों में बाँटा गया है।
(a) परिमाणात्मक उपाय (b) गुणात्मक उपाय।
परिमाणात्मक उपाय के अंतर्गत बैंक दर, SLR, CRR, खुले बाजार की क्रिया आदि। रिजर्व बैंक द्वारा CRR में कमी की जाती है, तो साख सृजन में वृद्धि होती है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवसथा, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-957

**80. निम्न शब्दों पर विचार कीजिए-**
1. समाजवादी 2. प्रजातान्त्रिक
3. सार्वभौमिक 4. धर्म-निरपेक्ष
सही शब्दों को विचारानुसार क्रम दीजिए-
(A) 3, 1, 4 और 2 (B) 3, 4, 1 और 2
(C) 3, 4, 2 और 1 (D) 4, 1, 3 और 2

उत्तर-(A)

व्याख्या-प्रस्तावना में—संप्रभुता, समाजवाद, पंथनिरपेक्षता, लोकतंत्र का गणराज्यी स्वरूप, न्याय, स्वतंत्रता, समानता,



Downloaded from: www.studymarathon.com

बन्धुता व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता तथा अखंडता उपरोक्त शब्द इस क्रम में है।
स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप पृष्ठ सं०-46

**81. किस सदन में अध्यक्षता करने वाला अधिकारी उस सदन का सदस्य नहीं होता है-**
(A) लोकसभा (B) राज्यसभा
(C) विधान सभा (D) विधान परिषद
उत्तर-(B)

**व्याख्या**-भारतीय संविधान के अनुच्छेद 63 में कहा गया है कि भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होगा। यह अमेरिकी प्रथा का अनुसरण है। उपराष्ट्रपति संसद के किसी सदन या किसी राज्य विधानमंडल में किसी सदन का सदस्य नहीं होगा।
**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-158, 159

**82. किस संविधान संशोधन बिल के द्वारा वोट देने की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई ?**
(A) 48वां (B) 57वां
(C) 61वां (D) 63वां उत्तर-(C)

**व्याख्या**-संविधान का 61वां संशोधन अधिनियम 1988 के द्वारा मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया, यह मार्च 1989 में लागू हुआ।
**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप पृष्ठ सं०-291

**83. यदि राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति का पद खाली हो तो भारत के राष्ट्रपति के पद पर कौन होता है ?**
(A) प्रधानमंत्री
(B) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(C) लोकसभा अध्यक्ष (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(B)

**व्याख्या**-ऐसी स्थिति जिसमें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों पद मृत्यु, पदत्याग, हटाए जाने द्वारा या अन्यथा रिक्त हो जाएँ। अनुच्छेद 70 में संसद को ऐसी आकस्मिकताओं के लिए उपबंध करने की शक्ति दी गई है। इस अनुच्छेद के अधीन जब दोनों पद रिक्त हो जाते हैं तो भारत का न्यायमूर्ति राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है। यदि भारत के मुख्य न्यायमूर्ति नहीं है तो उच्चतम न्यायालय का ज्येष्ठतम न्यायाधीश राष्ट्रपति का कार्य करेगा।
**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-176-177

**84. एक विकास खण्ड पर पंचायत समिति होती है ?**
(A) एक सलाहाकारी समिति
(B) एक प्रशासकीय अधिकरण
(C) एक परामर्शदात्री समिति
(D) एक निरीक्षण प्राधिकरण
उत्तर-(B)

**व्याख्या**-73वां संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज प्रणाली को संवैधानिक दर्जा दिया गया। बलवन्त राय मेहता समिति के द्वारा तीन स्तर में बाँटा गया ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद। ग्राम पंचायत एवं जिला परिषद के मध्य स्थानीय निकाय का गठन किया गया जिसे पंचायत समिति कहा गया यह ब्लॉक या विकास खण्ड स्तर पर होता है। यह एक प्रशासकीय अधिकरण है।
**स्रोत**-भारतीय प्रशासन-बी.एल. फाड़िया पृष्ठ सं०-590-591

**85. श्री मोहम्मद अंसारी का भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में क्रमांक है-**
(A) 10वां (B) 11वां
(C) 12वां (D) 13वां उत्तर-(D)

**व्याख्या**-भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए पुन: निर्वाचित हुए इसलिए वर्तमान में उपराष्ट्रपति के क्रम में 14 वां स्थान एवं व्यक्ति के रूप में 13वां स्थान पर है। प्रश्न के समय 13वां उत्तर होगा।
**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं०-1097

**86. भारत में चलित न्यायालय इनका मानसपुत्र है-**
(A) न्यायमूर्ति भगवती (B) श्री राजीव गांधी
(C) डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(D) श्रीमती प्रतिभा पाटिल उत्तर-(C)

**व्याख्या**-चलित न्यायालय की रूपरेखा सर्वप्रथम डॉ.ए.पी. जे. अब्दुल कलाम ने रखी थी। जिसका मुख्य उद्देश्य समय की बचत एवं समस्याओं के जल्द निपटारे का था। इसके अन्तर्गत सिविल एवं क्रिमिनल दोनों तरह के मामले की सुनवाई का अधिकार दिया गया। भारत का पहला चलित न्यायालय हरियाणा के 'मेवात' में तात्कालिक मुख्य न्यायाधीश द्वारा 4 अगस्त 2007 को उद्घाटन किया गया।
**स्रोत**-सामसामायिकी प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक।

**87. श्रीमती प्रतिभा पाटिल का भारतीय गणतन्त्र के राष्ट्रपति के रूप में क्रम क्या है ?**
(A) 10वां (B) 11वां
(C) 12वां (D) 13वां उत्तर-(D)

**व्याख्या**-श्रीमती प्रतिभा पाटिल राष्ट्रपति के रूप में भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं। भारत के राष्ट्रपति के क्रम में 13वां स्थान है, व्यक्ति के रूप में 12वां स्थान। वर्तमान में प्रणव मुखर्जी राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं जिनका क्रम में 14वां स्थान, लेकिन व्यक्ति के रूप में 13वां स्थान है।
**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग पृष्ठ सं०-1096

**88. एक विधेयक जो संसद में प्रस्तुत किया जाता है। कौन-सी क्रिया के बाद अधिनियम बन जाता है ?**
(A) जब वह संसद के दोनों सदनों के द्वारा पारित हो जाता है।
(B) जब राष्ट्रपति अपनी सहमति दे देता है।
(C) जब प्रधानमंत्री इस पर हस्ताक्षर कर देता है।
(D) जब सर्वोच्च न्यायालय इसे केन्द्रीय संसद के अधिकार क्षेत्र में होना घोषित करता है। उत्तर-(B)

**व्याख्या**-जब दोनों सदनों द्वारा कोई विधेयक अलग-अलग



Downloaded from: www.studymarathon.com

या संयुक्त बैठक में पास कर दिया जाता है, तो उसे राष्ट्रपति की अनुमति के लिए उसके समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। यदि राष्ट्रपति अनुमति रोक देता है तो विधेयक का अंत हो जाता है। यदि राष्ट्रपति अनुमति प्रदान कर देता है, तो अनुमति की तिथि से विधेयक अधिनियम बन जाता है।
**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-143

**89. हमारे संविधान के अनुसार राज्यसभा का कार्यकाल-**
(A) दो वर्ष में एक बार समाप्त हो जाता है।
(B) प्रत्येक पाँच वर्ष में समाप्त हो जाता है।
(C) प्रत्येक छः वर्ष में समाप्त हो जाता है।
(D) समाप्त होने का विषय नहीं है। **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-भारतीय संविधान में अनुच्छेद 80 में राज्य सभा की चर्चा की गयी हैं। यह उच्च एवं स्थायी सदन है। इसका विघटन कभी नहीं होता। इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होती है। प्रत्येक दो वर्ष पर एक तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं।
**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-167

**90. एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र सम्बोधित करता है-**
(A) राष्ट्रपति को
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश को
(C) उसके राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(D) राज्य के राज्यपाल को **उत्तर-(A)**
**व्याख्या**-उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति को संबोधित कर अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा पद त्याग कर सकता है। जब एक न्यायाधीश को दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया जाता है या वह उच्चतम न्यायालय में नियुक्त हो जाता है तो उसका पद रिक्त हो जाता है। न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है किन्तु न्यायाधीश अपना पद राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत नहीं धारण करता है। महाभियोग द्वारा हटाया जा सकता है।
**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं०-276

**91. एक गैर-सदस्य के रूप में संसद के किसी एक सदन की कार्यवाही में भाग ले सकता है-**
(A) उपराष्ट्रपति (B) मुख्य न्यायाधीश
(C) महान्यायावादी (D) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
**उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-संविधान के अनु. 76 में महान्यायावादी का उल्लेख है। इसके अनुसार राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए अर्हता प्राप्त किसी व्यक्ति को महान्यायवादी नियुक्त कर सकता है। यह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत पद धारण करता है। यह सरकार का मुख्य विधि अधिकारी है। उसे भारत के सभी न्यायालयों में सुनवाई का अधिकार है। साथ ही उसे संसद के दोनों सदनों में बोलने तथा उनकी कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होता है; पर वह वोट नहीं दे सकता।
**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-164

**92. भारत के संविधान में मौलिक कर्त्तव्य किस संविधान संशोधन के द्वारा जोड़ा गया है-**
(A) 32वें संशोधन अधिनियम
(B) 42वें संशोधन अधिनियम
(C) 15वें संशोधन अधिनियम
(D) 36वें संशोधन अधिनियम **उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-मूल कर्त्तव्य अनु. 51क में अंगीकृत किया गया है। यह मूल संविधान का भाग नहीं थे। 42वें संशोधन द्वारा 1976 में सम्मिलित किया गया मूल कर्त्तव्य सोवियत संघ के संविधान से लिया गया है। वर्तमान में 11 मूल कर्त्तव्य है।
**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-151

**93. भारतीय संविधान में कितनी भाषाएँ क्षेत्रीय भाषाओं के रूप में मान्यता प्राप्त है-**
(A) 12 (B) 13
(C) 14 (D) 18 **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-संविधान में आठवीं अनुसूची में भाषा के संबंध में उल्लेख है। जो अनुच्छेद 344(1) और 351 में है। जब संविधान 1950 में लागू किया गया था, तब आठवीं अनुसूची में केवल 14 भाषाएँ थीं। वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 22 हो गई है।
**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-362

**94. एशिया कप 2007 की विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे।**
(A) दिलीप टिर्की (B) प्रभजोत सिंह
(C) बलजीत सिंह (D) वरिन्दर सिंह **उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-एशिया कप का आयोजन सितम्बर, 2007 ई. में चेन्नई (भारत) में हुआ। भारतीय टीम का नेतृत्व प्रभजोत टर्की ने किया था। एशिया कप में भारत ने दक्षिण कोरिया को 7-2 से पराजित कर विजय प्राप्त की थी।

**95. बांग्लादेश की संसद में महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत स्थान आरक्षित हैं ?**
(A) कुछ नहीं (B) 15 प्रतिशत
(C) 50 प्रतिशत (D) 35 प्रतिशत **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-बांग्लादेश की संसद में कुल सदस्य 300 हैं। इनमें से 43 स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित होते हैं जो कि 15 प्रतिशत के बराबर है।

**96. इन देशों में से कौन-सा एक देश जी-8 समूह का सदस्य नहीं है ?**
(A) फ्रांस (B) इटली
(C) स्पेन (D) जर्मनी **उत्तर-(C)**



Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-जी-8, विश्व के आठ औद्योगिक दृष्टि से विकसित देशों का समूह है। जी-8 के सदस्य देश हैं—अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, कनाडा इटली और रूस। जी-8 का प्रथम सम्मेलन पेरिस (फ्रांस) के निकट ऐम्बोइलेट में 1975 ई. में हुआ था।

**97. 'लिट्टे' इसके लिए है-**

(A) लंकन टाइगर्स फॉर तमिल इलम
(B) लिबरेशन टाइगर्स फॉर तमिल इलम
(C) लंकन ट्रूप्स फॉर तमिल एम्पायर
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(B)**

व्याख्या-लिबरेशन टाइगर्न फॉर तमिल इलम श्रीलंका का एक विद्रोही संगठन है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने 11 जनवरी, 2008 को लिट्टे को विश्व का सबसे खतरनाक कट्टरपन्थी संगठन कहा है।

**98. जी-15 है-**

(A) विश्व के विकसित देशों का संगठन
(B) यूरोप के विकसित देशों का संगठन
(C) एशिया के विकासशील देशों का संगठन
(D) विश्व के विकासशील देशों का संगठन **उत्तर-(D)**

व्याख्या-जी-15 विकासशील देशों का समूह है, इसकी स्थापना 1982 में हुई थी। बेलग्रेड में निर्गुट शिखर सम्मेलन के बाद इसकी स्थापना हुई। G-15 में 19 देश शामिल हैं", जिनमें अमेरिका महाद्वीप से मैक्सिको, जमैका, वेनेजुएला, पेरू, ब्राजील चिल्ली व अर्जेन्टीना, अफ्रीका से सेनेगल अल्जीरिया, नाइजीरिया, जिम्बाब्वे व मिस्र, एशिया से भारत मलेशिया और इण्डोनेशिया एवं श्रीलंका : यूरोप से यूगोस्लाविया एवं शामिल है।

**99. भारत के प्रथम विधि विश्वविद्यालय की स्थापना अगस्त 1887 में कहाँ हुई थी**

(A) त्रिवेन्द्रम (B) अहमदाबाद
(C) बंगलुरू (D) नई दिल्ली

**उत्तर-चारों विकल्प गलत हैं।**

व्याख्या-भारत का प्रथम विधि विश्वविद्यालय, बंगलुरू स्थित नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इण्डिया है जिसकी स्थापना 29 अगस्त 1987 को हुई थी। चूँकि प्रश्न में इस प्रथम विधि विश्वविद्यालय की स्थापना की तिथि अगस्त 1887 ई. दी गयी है, जो गलत है। अत: उत्तर इसमें से कोई नहीं होगा।
स्रोत-भारत 2007 सूचना एवं प्रकाशन मन्त्रालय

**100. निम्नलिखित में से किस विदेशी नागरिक को भारत रत्न प्रदान किया गया है-**

(A) नेलसन मण्डेला (B) बिल क्लिंटन
(C) एडोल्फ हिटलर (D) बोरिस चेल्तलिन
**उत्तर-(A)**

व्याख्या-भारत रत्न कला साहित्य तथा विज्ञान तथा बड़े पैमाने पर जनसेवा के उत्कृष्ट कार्य के लिए देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय पुरस्कार है। इसकी शुरूआत 1954 ई. में हुई थी। इसे जनता पार्टी द्वारा 1977 ई. में बन्द कर दिया गया था, परन्तु 1980 ई. में कांग्रेस सरकार ने फिर से प्रारम्भ किया।

**101. पुलित्जर पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है।**

(A) पत्रकारिता (B) विज्ञान
(C) खेल (D) उद्योग **उत्तर-(A)**

व्याख्या-पुलित्जर पत्रकारिता क्षेत्र में दिया जाता है। अमेरिकी दैनिक द वाशिंगटन पोस्ट ने 2008 ई. को सूची में सर्वोच्च्य स्थान प्राप्त करते हुए 14 में से 6 पुरस्कार जीते।

**102. राधा मोहन कप का सम्बन्ध किस खेल से है।**

(A) पोलो (B) फुटबॉल
(C) क्रिकेट (D) टेनिस **उत्तर-(A)**

व्याख्या-राधामोहन कप पोलो से सम्बधित है। पोलो में चार खिलाड़ी होते हैं जबकि वाटर पोलो में सात खिलाड़ी होते हैं। आमतौर पर माना जाता है कि पोलो का जन्म फारस से हुआ था जहाँ में 525 ई. पू. में पुलू के नाम से यह खेला जाता था। आधुनिक काल में सबसे पहले पोलो का गठन 1859 ई. में असम के कछार में हुआ। भारत से यह खेल 10वीं हुसार रेजीमेन्ट के द्वारा 1869 ई. में इंग्लैण्ड ले जाया गया।
स्रोत-मनोरमा इंयर बुक-2007

**103. निम्न में से कौन संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य नहीं है ?**

(A) जर्मनी (B) फ्रांस
(C) ग्रेट ब्रिटेन (D) चीन **उत्तर-(A)**

व्याख्या-संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई। इसकी 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में 10 अस्थायी सदस्य तथा 5 स्थायी सदस्य है। पाँच स्थायी देश है अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस व चीन।

**104. आसियान इसके लिए है।**

(A) एकेडमी ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशनल
(B) एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट अफ्रीकन नेशन्स
(C) एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशन्स
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(C)**

व्याख्या-आसियन की स्थापना 1967 ई. में हुई। इसका मुख्यालय जकार्ता (इण्डोनेशिया) में है। इसके सदस्य देश हैं-थाईलैण्ड, मलेशिया, इण्डोनेशिया, फिलीपीन्स, सिंगापुर वियतनाम, ब्रुनेई, लाओस, म्यानमार एवं कम्बोडिया इसका उद्देश्य दक्षिणी-पूर्वी एशियाई देशों में आर्थिक प्रगति में तेजी लाना एवं आर्थिक स्थायित्व को बनाए रखना।

**105. नेवल एअर स्टेशन 'गरुड़' कहाँ स्थित है ?**

(A) नई दिल्ली (B) कोचीन
(C) चेन्नई (D) देहरादून **उत्तर-(B)**

व्याख्या-नेवल एअर स्टेशन 'गरुड' की स्थापना कोचीन में की गई है।



Downloaded from: www.studymarathon.com

**106. भारत डाइनामाइट लिमिटेड केन्द्र कहाँ स्थित है।**
(A) कलकत्ता (B) हैदराबाद
(C) चेन्नई (D) दिल्ली उत्तर-(B)
व्याख्या-भारत डायनामाइट लिमिटेड हैदराबाद में है।

**107. कौन-सा देश जी-8 का सदस्य नहीं है-**
(A) भारत (B) जर्मनी
(C) जापान (D) कनाडा उत्तर-(A)
व्याख्या-जी-8 मूलत: औद्योगिक रूप से विकसित देशों का संगठन है। जिसके सदस्य हैं—अमेरिका, फ्रांस, जापान, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, जर्मनी व रूस।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण अतिरिकांक

**108. चीन की समाचार एजेन्सी का क्या नाम है।**
(A) चाइना न्यूज (B) चाइना टाइम्स
(C) चाइना न्यूज एजेन्सी (D) न्यू चाइना रिपोर्ट
उत्तर-(A)
स्रोत-मनोरमा ईयर बुक-2007

**109. भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना कब हुई ?**
(A) 1956 ई. (B) 1944 ई.
(C) 1950 ई. (D) 1947 ई. उत्तर-(A)
व्याख्या-जीवन बीमा की व्यवस्था को विनियमित करने के लिए प्रथम बार वर्ष 1912 में एक भारतीय बीमा कम्पनी एक्ट लागू किया गया। 1956 ई. तक भारत में 154 भारतीय, 16 गैर-भारतीय बीमा कम्पनी तथा 75 भविष्य निधि समितियाँ जीवन बीमा में कार्यरत थी। 17 जनवरी, 1956 को केन्द्र सरकार ने सभी 243 भारतीय तथा विदेशी बीमा कम्पनियाँ को अपने अधिकार में ले लिया और 11 सितम्बर, 1956 को इनका राष्ट्रीयकरण कर दिया। एल. आई.सी. का केन्द्रीय कार्यालय मुम्बई में है तथा सात क्षेत्रीय कार्यालय हैं।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, P.D के अतिरिकांक

**110. नई मुद्रा यूरो किस वर्ष में प्रारम्भ की गई-**
(A) 1996 ई. (B) 1997 ई.
(C) 1998 ई. (D) 1999 ई. उत्तर-(D)
व्याख्या-विश्व पटल पर बढ़ते आर्थिक एकीकरण अभियानों नाफ्टा, साप्टा, सार्क आदि के प्रयासों ने क्षेत्रीय आर्थिक गुटों को बढ़ावा दिया। इसी कड़ी में जुडा मास्ट्रिश्च सन्धि। 9-10 जनवरी, 1991 को यूरोपीय आर्थिक एकीकरण के उद्देश्य से यूरोपीय मंच को जन्म दिया। इसके लिए याक डोलोर्स योजना के परिणाम के रूप में आज यूरो मुद्रा ने दस्तक दी है। 31 दिसम्बर, 1998 को ब्रुसेल्स की बैठक के बाद 1999 ई. से यह मुद्रा लागू हुई।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, P.D के अतिरिकांक

**111. भारत में एक समय पश्चिम बंगाल और आन्ध्र प्रदेश में सीमित नक्सलवाद अब इन राज्यों में भी फैल चुका है।**
(A) उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार
(B) बिहार, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, राजस्थान
(D) झारखण्ड, बिहार, कर्नाटक, गुजरात उत्तर-(A)
व्याख्या-नक्सलवादी आन्दोलन भारत में 1966 ई. को दार्जिलिंग जिले के नक्सलवाड़ी से प्रारम्भ होकर त्रिपुरा, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश राज्यों में फैल चुका है। नक्सलवादी संगठनों में PWG और MCC प्रमुख हैं।
स्रोत-भारत सरकार गृह मंत्रालय रिपोर्ट

**112. सीमा सुरक्षा बल की स्थापना कब की गई-**
(A) 1963 ई. (B) 1970 ई.
(C) 1910 ई. (D) 1950 ई.
उत्तर-(A)
व्याख्या-सीमा सुरक्षा बल की स्थापना भारत-चीन युद्ध के बाद की गई। सीमा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसकी स्थापना 1965 ई. में हुई।
स्रोत-भारत 2013 प्रकाशन विभाग

**113. इनमें से रक्त दाब का मापक यन्त्र कौन-सा है?**
(A) स्फेरोमीटर (B) अनिमोमीटर
(C) स्फिगमोमैनोमीटर (D) एमीमीटर
उत्तर-(C)
व्याख्या-एफेरोमीटर-धरातल की वक्रता मापी जाती है
अनिमोमीटर-वायुवेग मापा जाता है।
स्फिगमोमैनोमीटर-रक्त दाब की माप की जाती है।
एममीटर-विद्युत धारा की माप की जाती है।
स्रोत-हाईस्कूल जीव विज्ञान, भाग-2, भारती भवन, पृष्ठ सं॰-32

**114. निम्नलिखित में से किस विटामिन में कोबाल्ट होता है?**
(A) विटामिन $B_6$ (B) विटामिन $B_2$
(C) विटामिन $B_1$ (D) विटामिन $B_{12}$
उत्तर-(D)
व्याख्या-$B_6$–पायरीडॉक्सिन-दूध, कलेजी, मांस
$B_2$– रिबोफ्लेविन- दूध, मटर, अण्डा हरी पत्तेदारी सब्जी
$B_1$–थाइमिन-दूध, समुद्री भोजन, सोयाबिन, हरी सब्जी
$B_{12}$-साइनोकोबालामीन (कोबाल्ट)-मांस, कलेजी, दूध
स्रोत-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कक्षा-9, पृष्ठ सं॰-210

**115. मनुष्य में एफ्लाटॉक्सिन खाद्य विषावतन द्वारा सामान्यतः कौन सा अंग प्रभावित होता है?**
(A) हृदय (B) फेफड़ा
(C) वृक्क (D) यकृत
उत्तर-(D)
व्याख्या-एफ्लाटॉक्सिन एक विषैला खाद्य पदार्थ होता है जो यकृत को प्रभावित करता हैं; क्योंकि यकृत द्वारा ही पित्त स्रावित होता है। यकृत प्रोटीन उपाचय में भाग लेता है और विघटन के फलस्वरूप उत्पन्न विषैले अमोनिया को यूरिया



Downloaded from: www.studymarathon.com

में परिवर्तित कर देता है। यही कारण है कि जहर देकर मारे गए व्यक्ति की मृत्यु के कारणों की जाँच के लिए यकृत की जाँच की जाती है।

स्रोत-हम और हमारा स्वास्थ्य-एन.बी.टी.

116. राडार का आविष्कारक कौन था?

(A) रॉबर्ट वाटसन (B) फ्लेमिंग

(C) बुश बैल (D) ऑस्टिन उत्तर-(A)

व्याख्या-राडार का पूरा रूप है-(Redio Direction and Rangings) इसके द्वारा रेडियो तरंगों का प्रयोग करके किसी वस्तु का पता लगाया जाता है तथा उसकी दूरी मालूम की जाती है। इस हेतु जिन रेडियो तरंगों का प्रयोग होता है वे कम तरंग दैर्ध्य वाली होती है। इसे माइक्रोवेव कहते है।

स्रोत-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-9, पृष्ठ सं॰ 170

117. यदि किसी विद्यार्थी के तैराक नहीं होने की प्रायिकता $\frac{1}{5}$ है तो पाँच विद्यार्थियों में से चार तैराक होने की प्रायिकता है-

(A) $\left(\frac{4}{5}\right)^3$ (B) $\left(\frac{4}{5}\right)^4$

(C) ${}^5C_4\left(\frac{4}{5}\right)^4$ (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(C)

व्याख्या-प्रश्नानुसार,

$\because$ किसी विद्यार्थी के तैराक नहीं होने की प्रायिकता $=\frac{1}{5}$

तैराक होने की प्रायिकता $=1-\left(\frac{1}{5}\right)=\frac{4}{5}$

$\therefore$ 5 छात्रों में से ठीक 4 तैराक होने की अभीष्ट प्रायिकता

$${}^5C_4\left(\frac{4}{5}\right)^4\left(\frac{1}{5}\right)^{5-4}$$

$$= {}^5C_4\times\left(\frac{4}{5}\right)\times\left(\frac{4}{5}\right)\times\left(\frac{4}{5}\right)\times\left(\frac{4}{5}\right)\ \left(\frac{1}{5}\right)$$

$$= {}^5C_4\times\left(\frac{4}{5}\right)^4\ \left(\frac{1}{5}\right)$$

$$\frac{\lfloor 5}{\lfloor 4\ \lfloor 1}\left(\frac{4}{5}\right)^4\left(\frac{1}{5}\right)$$

$$=\frac{5\lfloor 4}{\lfloor 4}\left(\frac{4}{5}\right)^4\left(\frac{1}{5}\right)=\left(\frac{4}{5}\right)^4$$

118. $7+10x-5x^2$ का अधिकतम मान है-

(A) 6 (B) 8

(C) 10 (D) 12 उत्तर-(D)

व्याख्या-माना कि $y=7+10x-5x^2$

$$\frac{dy}{dx}=0+10-10x=0$$

for $x=1$

$$\frac{d^2y}{dx^2}=-10$$

अत: $(7+10x-5x^2)$ का अधिकतम मान $x=1$ रखने पर,

$7+10-5=12$

119. वक्र $y=1+2x-3x^2$ का वह बिन्दु जहाँ पर स्पर्श रेखा $x$-अक्ष से 45° का कोण बनाती है-

(A) $\left(\frac{1}{3},\frac{5}{4}\right)$ (B) $\left(\frac{1}{3},\frac{4}{5}\right)$

(C) $\left(\frac{1}{6},\frac{1}{4}\right)$ (D) $\left(\frac{1}{6},\frac{5}{4}\right)$ उत्तर-(D)

व्याख्या-वक्र

$\because$ $y=1+2x-3x^2$ के स्पर्श रेखा का

समीकरण, $\frac{dy}{dx}=0+2-6x$

यह स्पर्श रेखा $x$- अक्ष से $45^0$ का कोण बनाती है।

अत: $\frac{dy}{dx}=\tan 45^o=2-6x$

$\Rightarrow -6x=1-2=-1$ ($\because$ $\tan 45^0=1$)

$\therefore$ $x=\frac{1}{6}$

$$\therefore\quad y=1+2\left(\frac{1}{6}\right)-3\left(\frac{1}{6}\right)^2$$

$$=\frac{4}{3}-\frac{1}{12}=\frac{16-1}{12}=\frac{5}{4}$$

अत: बिन्दु $\left[\frac{1}{6},\frac{5}{4}\right]$

120. एक सिक्का 9.8 मी/सेकण्ड के वेग से जमीन से उपर उछाला जाता है तब यह निम्न ऊँचाई तक उठेगा-

(A) 9.8 मी. (B) 10 मी.

(C) 4.9 मी. (D) 49 मी. उत्तर-(C)

व्याख्या-माना कि अभीष्ट ऊँचाई $h$ मी. है।



Downloaded from: www.studymarathon.com

$\because \quad v^2 = u^2 - 2gh$

$0 = (9.8)^2 - 2 \times (9.8)h$

$\therefore \quad h = \frac{(9.8)^2}{2 \times (9.8)} = \frac{9.8}{2} = 4.9$ मी०

**121. व्यंजक $\frac{4}{\sqrt[3]{9} - \sqrt[3]{3} + 1}$ का मान है-**

(A) $3^{\frac{1}{3}} + 1$ (B) $3^{\frac{1}{2}} + 1$

(C) $3^{\frac{1}{3}} - 1$ (D) $3^{\frac{1}{2}} - 1$

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-** $\frac{4}{\sqrt[3]{9} - \sqrt[3]{3} + 1} = \frac{3+1}{(3^2)^{\frac{1}{3}} - (2^2)^{\frac{1}{3}}}$

$$= \frac{\left(3^{\frac{1}{3}}\right)^3 + \left(1^{\frac{1}{3}}\right)^3}{(3)^{\frac{2}{3}} - (2)^{\frac{2}{3}}}$$

$$\frac{\left(3^{\frac{1}{3}} + 1^{\frac{1}{3}}\right)\left[\left(3^{\frac{1}{3}}\right)^2 - \left(3^{\frac{1}{3}}\right)\left(1^{\frac{1}{3}}\right) + \left(1^{\frac{1}{3}}\right)^2\right]}{\left[(3)^{\frac{2}{3}} - (2)^{\frac{2}{3}}\right]}$$

$$= \left(3^{\frac{1}{3}}\right) + 1$$

**122. प्रत्येक पूर्णांक $x$ के लिए व्यंजक $x(x^2 - 1)(3x + 2)$ का विभाजन है-**

(A) 13 (B) 15

(C) 24 (D) 25

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**माना कि दिया गया व्यंजक $f(x) = x(x^2 - 1)(3x + 2)$ प्रत्येक पूर्णांक $x = 1, 2, 3, 4, 5$ ....... रखने पर

$x = 1, f(x) = 0$

$x = 2, f(x) = 2(2^2 - 1)(3 \times 2 + 2)$

$= 2 \times 3 \times 8 = 24 \times 2 = 48$

$x = 3, f(x) = 3, (3^2 - 1) \cdot (3 \times 3 + 2)$

$= 3 \times 11 \times 8 = 24 \times 11$

इसी प्रकार, प्रत्येक पूर्णांक $x$ के लिए ($x = 1$ छोड़कर) का विभाजक 24 है।

**123. एक बिन्दु (2, 7), (4, – 1) और (–2, 6) से बना त्रिभुज होगा।**

(A) समबाहु (B) समकोण

(C) समद्विबाहु (D) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**माना कि तीन बिन्दुओं $A(2, 7), B(4, -1)$ और $C(-2, 6)$ से बना हुआ त्रिभुज $ABC$ है।

$\Delta ABC$ में,

भुजा $AB$ की लम्बाई $= \sqrt{(2-4)^2 + (7+1)^2}$

$= \sqrt{2^2 + 8^2} = \sqrt{68}$

भुजा $BC$ की लम्बाई $= \sqrt{(4+2)^2 + (-1-6)^2}$

$= \sqrt{6^2 + 7^2} = \sqrt{85}$

$CA$ लम्बाई $= \sqrt{(-2-2)^2 + (6-7)^2}$

$= \sqrt{4^2 + 1^2} = \sqrt{17}$

$BC^2 = AB^2 + CA^2$

$\Delta ABC$ समकोण त्रिभुज होगा।

**124. यदि एक वृत की त्रिज्या समान रूप से 3 सेमी/से० की दर से बढ़ रही है, तो क्षेत्रफल किस दर से बढ़ रहा है। जब त्रिज्या 10 सेमी है ?**

(A) $6\pi$ सेमी²/से (B) $10\pi$ सेमी²/से

(C) $30\pi$ सेमी²/से (D) $60\pi$ सेमी²/से

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**माना कि वृत की त्रिज्या = $R$ सेमी, वृत का क्षेत्रफल = $\pi R^2$ सेमी² = $A$ सेमी²

$\therefore$ प्रश्नानुसार, वृत की त्रिज्या समान रूप से 3 सेमी/से० की दर से बढ़ रही है।

वृत्त का क्षे०$= 100\pi$

$\because \quad A = \pi r^2$

$\therefore \quad \left(\frac{dA}{dr}\right) = 2r\pi$

$\frac{dA}{dr} = 2r\pi$



Downloaded from: www.studymarathon.com

अर्थात् $\frac{dR}{dt} = 3$ सेमी/से॰

$\therefore \frac{dA}{dr} = (2\times10\times\pi)3$

$= 60\pi$

**125. एक परिवार अपनी आय का 30 प्रतिशत भोजन पर 10 प्रतिशत वस्त्रों पर 18 प्रतिशत मकान पर और 7 प्रतिशत अन्य पर खर्च करता है। यदि परिवार की मासिक आय 4000 रू॰ है तो 15000 रू॰ बचाने में कितने माह लगेंगे।**

(A) 25 माह (B) 30 माह
(C) 11 माह (D) 50 माह **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-प्रश्नानुसार, परिवार की मासिक आय = 4000 है

4000 का (30% + 10% +18%+7%)=4000 × 65%

$= 4000 \times \frac{65}{100} = 2600$

परिवार की कुल मासिक बचत = 4000 − 2600 = 1400

माना कि 15000 रु. बचाने में $x$ माह लगता है।

$\therefore x = \frac{15000}{1400} = \frac{150}{14}$

= 11 माह (लगभग)

**126. 15 आदमी तथा 15 महिलाओं को 15 युग्म में विभाजित करने के तरीके होंगे जबकि हर युग्म में एक आदमी व एक महिलाएँ हो।**

(A) 1240 (B) 1840
(C) 1820 (D) 2005 **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-$^{15}C_1 \times {^{15}C_1} = 15 \times 15 = 15^2$

$^{14}C_1 \times {^{14}C_1} = 14 \times 14 = 14^2$

15 युग्म में विभाजित करने के लिए अभीष्ट तरीके।

$= ({^{15}C_1} \times {^{15}C_1}) + ({^{14}C_1} \times {^{14}C_1}) + ({^{13}C_1} + {^{13}C_1}) +$
$\ldots\ldots (^{2}C_1 \times {^{2}C_1}) + (^{1}C_1 \times {^{11}C_1})$

$n_{C_1} = \frac{\lfloor n}{\lfloor 1 \lfloor n-1} = \frac{n \times \lfloor n-1}{\lfloor n-1} = n$

∴ अभीष्ट तरीकों की संख्या

$= 15^2 + 14^2 + 13^2 + \ldots\ldots + 1^2$

$= 1240$

$= \frac{15 \times (15+1) \times (2 \times 15 + 1)}{6}$

$= \frac{15 \times 16 \times 31}{6} = 40 \times 31 = 1240$

**127. रेल मंत्रालय ने 'विलेज ऑन व्हीलस' नामक परियोजना शुरू करने की घोषणा किस वर्ष की थी।**

(A) 2004 (B) 2005
(C) 2006 (D) 2007

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-विलेज ऑन वहीलस की घोषणा रेलमंत्री लालू प्रसाद के द्वारा रेल बजट वर्ष 2004-05 में की गई थी। वह बजट फरवरी 2004 ई॰ में पेश किया गया था।

**स्रोत**-आर्थिक समीक्षा, 2005, सूचना एवं प्रकाशन मंत्रालय।

**128. 123 समझौता इन देशों से संबंधित है।**

(A) भारत-अमेरिका (B) भारत-रूस
(C) भारत-पाक (D) भारत-चीन

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-यह भारत अमेरिका के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग का द्विपक्षीय समझौता है। अमेरिका के परमाणु ऊर्जा एक्ट में सेक्शन 123 के तहत ही अमेरिका को द्विपक्षीय असैनिक परमाणु सहयोग समझौता करने पड़ते हैं। इसलिए इसे 123 समझौता कहा जाता है। हाइड एक्ट अमेरिका का एक राष्ट्रीय कानून है, जबकि 123 समझौता दो देशों के बीच द्विपक्षीय समझौतो का नाम है। 123 समझौता हाइड एक्ट की अगली कड़ी है।

**स्रोत**-समसामयिकी

**129. 14 अगस्त, 2007 को संसद द्वारा भारतीय संविधान में संशोधन के उपरान्त अब अनुसूचित जाति की सूची में जातियों की संख्या कितनी है-**

(A) 607 (B) 1206
(C) 1410 (D) 1500

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-14 अगस्त, 2007 को संसद द्वारा भारतीय संविधान में संशोधन के उपरान्त अब अनुसूचित जाति की सूची में जातियों की संख्या 1206 है।

**स्रोत**-समसामयिकी

**130. वर्ष 2007 में आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन यहाँ आयोजित किया गया था-**

(A) दिल्ली (B) लन्दन
(C) टोक्यो (D) न्यूयार्क

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-13-15 जुलाई, 2007 के बीच 8वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन न्यूयॉर्क में सम्पन्न हुआ। वैश्विक स्तर पर हिन्दी के प्रसार हेतु भारतीय विदेश मंत्रालय व भारतीय विद्या भवन के संयुक्त तत्वाधान में इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। न्यूयार्क में पहली बार हुए। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इसके महासचिव बान-की मून ने भी सम्बोधित किया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय था 'विश्व मंच पर हिन्दी'।

**स्रोत**-समसामयिकी।



Downloaded from: www.studymarathon.com

**131. फॉर्च्यून पत्रिका के अनुसार वर्ष 2007 में विश्व का सबसे धनी व्यक्ति है-**

(A) कार्लोस स्लिम हेलु

(B) बिल गेट्स

(C) लक्ष्मी मित्तल

(D) वारेन बफेट

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-फॉर्च्यून पत्रिका के अनुसार मैक्सिको के कार्लोस स्लिम हेलु वर्ष 2007 में विश्व के सबसे धनी व्यक्ति थे।

**स्रोत**-समसामयिकी।

**132. लीड्स मेट्रोपालिटन विश्वविद्यालय ने जुलाई 2007 ई० को सांस्कृतिक विविधता के लिए इस भारतीय महिला को मानद उपाधि प्रदान की।**

(A) अरून्धति रॉय (B) किरण बेदी

(C) शर्मिला टैगोर (D) शिल्पा शेट्टी

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, जिन्हें ब्रिटेन की प्रसिद्ध लीड्स मेट्रोपोलिटन यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से 18 जुलाई 2007 को सम्मानित किया। यह उपाधि कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में और भारत-ब्रिटेन से सम्बन्ध प्रगाढ़ करने में महती भूमिका निभाने के लिए दी गई है।

**स्रोत**-समसामयिकी।

**133. पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमन्त्री बेनजीर भुट्टो की मृत्यु कहाँ हुई थी ?**

(A) लाहौर (B) रावलपिंडी

(C) कराची (D) इस्लामाबाद

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-27 दिसम्बर, 2007 को पूरब की बेटी के रूप में जानी जाने वाली बेनजीर भुट्टो की हत्या कर दी गई जब वह रावलपिंडी के लियाकत बाग पार्क में चुनावी सभा को सम्बोधित कर लौट रही थीं। वह पाकिस्तान की दो बार प्रधानमन्त्री रह चुकी थीं।

**स्रोत**-समसामयिकी

**134. बिहार में कोयले का अनुमानित भण्डार है-**

(A) 1260 करोड़ टन (B) 303 करोड़ टन

(C) 25310 करोड़ टन (D) 16 करोड़ टन उत्तर-(D)

**व्याख्या**-15 Nov. 2000 को बिहार के बँटवारा के पश्चात अधिकांश खनिज संसाधन झारखण्ड में चला गया किन्तु बिहार में 160 मिलियन टन कोयले का अनुमानित भण्डार है। कोयला के उत्पादन में भारत का विश्व में चौथा स्थान है। भारत के राज्यों में सबसे अधिक कोयले का भण्डार झारखण्ड राज्य में है।

**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिकांक-भारतीय अर्थव्यवस्था 2012, पृष्ठ-124

**135. बिहार के क्षेत्रफल में कुल बोई गई भूमि का प्रतिशत ........... है।**

(A) 60 (B) 40

(C) 80 (D) 70 उत्तर-(A)

**व्याख्या**-बिहार में भूमि एक प्रमुख संसाधन है। वर्तमान में बिहार में वनभूमि का क्षेत्रफल 6.6% पर स्थिर है। निवल बुआई क्षेत्रफल का हिस्सा 57.0 प्रतिशत रह गया है।

**स्रोत**-बिहार सरकार आर्थिक सर्वेक्षण-2012-13, पृष्ठ सं०-28

**136. बिहार एवं उत्तर प्रदेश राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना है-**

(A) दामोदर वैली परियोजना

(B) कोसी परियोजना

(C) सन बैराज परियोजना (D) गण्डक परियोजना

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-गंडक परियोजना भारत सरकार की मदद से बिहार-उत्तर प्रदेश की संयुक्त परियोजना है, जिसमें नेपाल का भी सहयोग लिया गया है। इसके अन्तर्गत प. चम्पारण जिले के सोमेश्वर पहाड़ी स्थित बाल्मीकिनगर नामक स्थल पर बाँध बनाया गया है।

**स्रोत**-सृजन बिहार विशेष, पृष्ठ सं०-54

**137. भारत-अमेरिका परमाणु सन्धि के सम्बन्ध में अमेरिका का कौन-सा कानून विवादास्पद बना ?**

(A) किलिंजर एक्ट (B) हाइड एक्ट

(C) मुनरो एक्ट (D) बुश एक्ट उत्तर-(B)

**138. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या का ........... प्रतिशत बिहार राज्य में निवास करती है ?**

(A) 8 (B) 10

(C) 11 (D) 12 उत्तर-(A)

**व्याख्या**-बिहार की कुल जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 10,38,04,637 भारत की कुल जनसंख्या का प्रतिशत के रूप 8.58 है जनसंख्या के दृष्टि से भारत में तीसरा स्थान वही जनघनत्व में प्रथम स्थान पर है।

**स्रोत**-जनगणना रिपोर्ट-2011

**139. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार भारत का ........... बड़ा जनसंख्या वाला राज्य है।**

(A) दूसरा (B) तीसरा

(C) चौथा (D) पाचवाँ उत्तर-(B)

**व्याख्या**-वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भी जनसंख्या के अनुसार बिहार तीसरा स्थान रखता है। इससे बड़ा उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र है।

**स्रोत**-जनगणना रिपोर्ट-2011

**140. भारत में जनसंख्या के अनुसार तीसरा एवं क्षेत्रफल में बारहवाँ राज्य है-**

(A) महाराष्ट्र (B) मध्य प्रदेश

(C) कर्नाटक (D) बिहार उत्तर-(D)



Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-बिहार का क्षेत्रफल 94,163 किमी² है जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.86% क्षेत्रफल में बिहार भारत का 12वाँ सबसे बड़ा राज्य है। 10.38 करोड़ की आबादी के साथ बिहार भारत का तीसरा सबसे बड़ा राज्य हो।
स्रोत-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, सृजन, बिहार विशेष, पृष्ठ सं॰-6, 7

**141. बिहार के छपरा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव वर्ष 2004 में कब रद्द किए गए और पुनः मतदान कब हुआ ?**
(A) 10 मई और 15 जुलाई
(B) 10 मई और 31 मई
(C) 15 मई और 31 मई (D) 25 मई और 10 जून
उत्तर-(B)

**142. बिहार राज्य की शिशु मृत्यु दर है-**
(A) झारखण्ड से अधिक (B) झारखण्ड के बराबर
(C) झारखण्ड से कम
(D) अखिल भारतीय स्तर पर उत्तर-(C)
व्याख्या-बिहार में शिशु मृत्यु दर 48 तथा झारखण्ड में 92 है।

**143. बिहार के इतिहास में पहली बार राज्य का आर्थिक-सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया-**
(A) नीतीश कुमार द्वारा
(B) लालू प्रसाद द्वारा
(C) सुशील कुमार मोदी द्वारा
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(C)
व्याख्या-बिहार के इतिहास में 2006-07 में पहली बार राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी द्वारा पेश किया गया जो वित्त मंत्री भी थे।
स्रोत-आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट-2006-07 बिहार सरकार।

**144. वर्ष 2007-08 के विकास-प्रतिवेदन के अनुसार बिहार का मानव-विकास सूचकांक राष्ट्रीय मानव विकास सूचकांक से कम है-**
(A) 15 प्रतिशत (B) 20 प्रतिशत
(C) 25 प्रतिशत (D) 10 प्रतिशत उत्तर-(B)

**145. वर्ष 2006-07 में बिहार का विकासात्मक व्यय इसके कुल व्यय का था लगभग-**
(A) 60 प्रतिशत (B) 67 प्रतिशत
(C) 56 प्रतिशत (D) 54 प्रतिशत उत्तर-(C)
व्याख्या-वर्ष 2006-07 में बिहार का विकासात्मक व्यय कुल व्यय का 56% था। वर्तमान में 2012-2013 में कुल व्यय में विकासात्मक व्यय 66.31% व्यय किया जायेगा। (अनमानित)।
स्रोत-आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13 बिहार सरकार वित्त विभाग पृष्ठ सं॰-396

**146. वर्तमान में बिहार में सम्पत्ति का मुख्य स्रोत क्या है ?**
(A) उद्योग (B) कृषि
(C) प्राकृतिक संसाधन (D) खनिज सम्पदा उत्तर-(B)
व्याख्या-मानक आर्थिक सिद्धान्त मानता है कि कृषि एवं उद्योग प्रगति के दो पहिए होते हैं, किन्तु बिहार के बँटवारा के बाद बिहार में मात्र कृषि ही संपत्ति का मुख्य स्रोत रह गया। यहाँ की 85% जनसंख्या कृषि पर आधारित है।
स्रोत-आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13, बिहार सरकार वित्त विभाग, पृष्ठ सं॰-25

**147. बिहार सरकार के द्वारा कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन पर अपने समस्त संसाधनों का कितना प्रतिशत व्यय किया जाता है ?**
(A) 40 प्रतिशत (B) 50 प्रतिशत
(C) 60 प्रतिशत (D) 46 प्रतिशत उत्तर-(D)
व्याख्या-बिहार में वेतन एवं पेन्शन पर खर्च 2011-12 में GDP का 8% तथा राज्य सरकार के राजस्व व्यय का 43% रहा। आर्थिक समीक्षा 2012-13 में GDP का 8.32% तथा राजस्व व्यय 40.93 रहने का अनुमान है।
स्रोत-आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13, बिहार सरकार वित्त विभाग, पृष्ठ-399

**148. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) बारदोली | (1) महाराष्ट्र |
| (b) चौरी चौरा | (2) गुजरात |
| (c) यरवदा | (3) पश्चिम बंगाल |
| (d) नोआखली | (4) उत्तर प्रदेश |

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

उत्तर-(C)

**149. दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी नदी है-**
(A) नील (B) अमेजन
(C) मिसीसीपी (D) गंगा
उत्तर-(B)

**150. किस देश की सरकारी रिपोर्ट को येलो बुक कहा जाता है?**
(A) फ्रांस (B) ब्रिटेन
(C) इटली (D) जर्मनी

Downloaded from: www.studymarathon.com